Raj Express (Indore), 27th June 2026, Page - 11

# छोटी सी गलती से टूट जाता है आईआईटी का सपना, होता है पूरा एक साल खराब

## जोसा काउंसलिंग 2026: राउंड-1 में सीट कंफर्म करने की समय सीमा समाप्त, फीस नहीं भरने वालों की कैंसल हुई सीट , छात्र का कोई दावा नहीं रहेगा सीट पर

### टॉप तकनीकी संस्थानों में एडमिशन का दौर जारी

इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क




आईआईटी इंदौर सहित देशभर के तमाम आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपलआईटी, जीएफ टीआई जैसे देश के टॉप तकनीकी संस्थानों में एडमिशन का दौर चल रहा है। जोसा काउंसलिंग 2026 का पहला राउंड शुक्रवार को खत्म हो गया। ऐसे छात्र जिन्हें राउंड-1 में सीट अलॉट हुई, लेकिन उन्होंने 26 जून शाम 5 बजे तक फीस जमा नहीं की उनकी सीट कैंसल हो गई। जोसा ने तय समय में ऑनलाइन रिपोर्टिंग, डॉक्यूमेंट अपलोड और सीट एक्सेप्टेंस फीस जमा करने को कहा था। एक्सपर्ट के अनुसार एक छोटी सी गलती से छात्र का आईआईटी का सपना टूट जाता है। आगामी राउंड के लिए छात्रों को सचेत रहना चाहिए। समय रहते आधिकारिक वेबसाइट पर दिए निर्देशों का पालन करें।

### एक गलती, पूरा साल खराब

एक्सपर्ट एस.एस. रघुवंशी ने बताया काउंसलिंग के दौरान की गई एक छोटी सी गलती भी छात्र का पूरा साल खराब कर सकती है। इसलिए जोसा के सभी नियमों को समझना जरूरी है। खासकर सीट अलॉटमेंट के बाद रिपोर्टिंग, फीस भुगतान और सीट छोडने यानि विथड्रॉल से जुड़े नियमों को नजरअंदाज न करें। तय समय तक फीस जमा नहीं करने या डॉक्यूमेंट अपलोड न करने पर अलॉट की गई सीट रद्द कर दी जाती है, जिसके बाद उस सीट पर छात्र का कोई दावा नहीं रहेगा।

### इन गलतियों से बचें

- **रिपोर्टिंग में देरी न करें:** आखिरी घंटे का इंतजार न करें, सर्वर स्लो हो सकता है।
- **डॉक्यूमेंट सही अपलोड करें:** नाम, रोल नंबर, कैटेगरी सर्टिफिकेट जैसी जानकारी दोबारा चेक करें।
- **फीस जरूर भरें:** सीट एक्सेप्ट करने के लिए सीट स्वीकृति शुल्क जमा करना अनिवार्य है।
- **विथड्रॉल सोच-समझकर चुनें:** एक बार सीट छोडने के बाद दोबारा उसी राउंड में मौका नहीं मिलेगा।
- **वेबसाइट चेक करते रहें:** आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित अपडेट देखते रहें।

### जोसा काउंसलिंग की खास तारीख

राउंड-1- 29 जून दोपहर 1 बजे तक भुगतान के प्रयास करने वाले छात्रों के लिए फीस भुगतान संबंधी समस्या का समधान

- **राउंड-2 -30 जून:** सीट अलॉटमेंट रिजल्ट
- **30 जून से 3 जुलाई:** ऑनलाइन रिपोर्ट (फीस भुगतान, डॉक्यूमेंट अपलोड)
- **1 से 3 जुलाई:** शाम 5 बजे तक सीटा वापस लेने, सीट आवंटन प्रक्रिया से बाहर निकलने की शुरुआत
- **3 जुलाई:** शाम 5 बजे तक फीस भुगतान की अंतिम तारीख
- **4 जुलाई:** शाम 5 बजे तक फीस भुगतान संबंधी समस्याओं का समाधान

(राउंड-3, राउंड-4, राउंड-5 की प्रक्रिया 6 से 21 जुलाई तक चलेगी)